Indian Institute of Technology Mandi

प्रेस विज्ञप्ति

# आईआईटी मंडी डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में संपूर्ण बी. टेक. कोर्स शुरू करने वाला पहला आईआईटी

## डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में बैचलर की डिग्री से खुलेंगे कॅरियर के कई नए विकल्प जैसे डाटा इंजीनियर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा एनालिटिक्स और बिजनेस एनालिस्ट आदि

**मंडी, 28 मई 2019 :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में संपूर्ण बैचलर प्रोग्राम शुरू करने वाला पहला आईआईटी बन गया है। यह विद्यार्थियों को कम्प्युटर साइंस, एप्लाइड स्टैस्टिक्स, एप्लाइड मैथेमैटिक्स, मशीन लर्निंग में प्रदशिक्षण देगा। डाटा साइंस और इसके एप्लीकेशंस के लिए इन क्षेत्रों का ज्ञान होना आवश्यक है। प्रोग्राम का संचालन स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज़ (एसबीएस) और स्कूल ऑफ कम्प्युटिंग एण्ड इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (एससीईई) संयुक्त रूप से आगामी शिक्षा सत्र (2019—20) से करेंगे।

डाटा साइंस कई भावी प्रौद्योगिकी विकासों के लिए अहम् है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा, ज्ञान सृजन और इनोवेशन में अग्रणी बनने की दूरदृष्टि और डाटा साइंस की बढ़ती अहमियत को ध्यान में रखते हुए आईआईटी मंडी ने विभिन्न आईआईटी में सबसे पहले डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम शुरू किया है। इंडस्ट्री की मांग पूरी करने के उद्देश्य से आज आईआईटी मंडी के 15 से 20 प्रतिशत फैकल्टी डाटा साइंस और इससे जुड़े क्षेत्रों के प्रोजेक्ट पर कार्य करते हैं।

**प्रोग्राम के बारे में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. टिमथी ए गोन्ज़ाल्विस ने कहा,** ''आज हर जगह मौजूद सेंसरों की मदद से हमारी मशीनों, संरचनाओं और खुद हमारे बारे में डाटा एकत्र करने का काम बहुत तेजी से हो रहा है। डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में हमारे बी. टेक. प्रोग्राम में विद्यार्थियों को बड़े—बड़े डाटा सेट एकत्र करने, प्रॉसेस करने और समझने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वे डाटा के अंदर के पैटर्न देख पाएंगे और उचित कदम उठाने के लिए दूरदृष्टि विकसित करेंगे। प्रोग्राम के ग्रैजुएट भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार रहेंगे इसलिए अगले कुछ दशकों के बड़े बदलावों के बावजूद खूब तरक्की करेंगे। यह डिग्री उन्हें बदलती दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करेगी। भारत की भावी चुनौतियों को दूर करने में लगे प्रोफेशनलों और शोधकर्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरी करने में डाटा साइंस के बी.टेक. अहम् भूमिका निभाएंगे।''

**प्रोग्राम के महत्व का उल्लेख करते हुए आईआईटी, मंडी के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के पाठ्यक्रम संयोजक एवं एसोसिएट प्रॉफेसर डॉ. मनोज ठाकुर ने कहा,** ''डाटा साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रोग्राम एक चुनौती पूर्ण पाठ्यक्रम है जिसमें सिद्धांत और प्रयोग के समेकन पर बल दिया जाता है। पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग लैब्स एंड प्रैक्टिकम छात्रों को शिक्षा का एक व्यापक अनुभव प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में छात्रों को अगली पीढ़ी की चुनौतियों का सामना करने हेतु तकनीकी समाधान मुहैया कराने के लिए जरूरी डेटा विज्ञान एवं इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं की पर्याप्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया जाएगा।''

इस प्रोग्राम से विभिन्न तथ्यों को बेहतर ढंग से समझने और इस जानकारी को व्यवहार्य कार्यनीतियों, जैसे नए वैज्ञानिक आविष्कारों, व्यवसाय अनुप्रयोगों, नीति—निर्माण और स्वास्थ्य सेवा, में बदलने के लिए छात्रों को अनुप्रयोगों के विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त डेटा संचय, विश्लेषण व संश्लेषण करने हेतु विशेषज्ञों की बढ़ती मांग को पूरी करने में सहायता मिलेगी।

आईआईटी मंडी का यूनिक कोर्स करिकुलम प्रोजेक्ट आधारित है और इसमें विभिन्न विषयों के तालमेल से सीखने का अनुभव दिया जाता है। पिछले दो वर्षों में संस्थान ने 6 नए मास्टर प्रोग्राम शुरू किए हैं :

1. फिज़िक्स में एम.एससी.
2. पावर इलैक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स (पीईडी) में एम.टेक.
3. स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक.
4. वेरी–लार्ज़–स्केल इंटीग्रेशन में एम.टेक. (वीएलसीआई)
5. कम्युनिकेशंस एण्ड सिग्नल प्रॉसेसिंग में एम.टेक. (सीएसपी)
6. डेवलपमेंट स्टडीज़ में एम.ए.

अगस्त 2019 से संस्थान दो नए कोर्स शुरू करेगा – बी. टेक. इंजीनियरिंग फिजिक्स और बायोइंजीनियरिंग में बी.टेक. – एम.टेक. इंटीग्रेटेड डुअल डिग्री प्रोग्राम।
भारतीय उद्योग जगत और विद्यार्थियों की बढ़ती और बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए आईआईटी मंडी की अगले शैक्षिक सत्र से कई नए कोर्स शुरू करने की योजना है।

**###**

## आईआईटी मंडी का परिचय (http://www.iitmandi.ac.in/)

जुलाई 2009 में विद्यार्थियों के पहले बैच से आरंभ कर आज आईआईटी के लिए 1,300 विद्यार्थी (300 पीएचडी, 46 एमएस रिसर्च स्कॉलर) के साथ 110 फैकल्टी, स्टाफ में 150 लोगों का होना बड़ी उपलब्धि है। आईआईटी मंडी का कामंद में पूर्णतः आवासीय कैम्पस है जिसमें 1.2 लाख वर्ग मी. में भवन निर्माण हो गया है और 95,000 वर्ग मीटर में निर्माणाधीन है। भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (https://www.nirfindia.org/) के तहत भारतीय इंजीनियरिंग संस्थान श्रेणी की रैंकिंग–2019 में आईआईटी मंडी को 20वां रैंक दिया गया। एनआईआरएफ के 'आउटरीच' और 'इन्क्लुसिवीटी' मैट्रिक्स में आईआईटी मंडी का स्थान सभी 23 आईआईटी में सर्वोच्च है।

सन् 2010 से अब तक आईआईटी मंडी के शिक्षक 85 करोड़ रु. से अधिक के लगभग 180 प्रोजेक्ट हासिल कर चुके हैं। इनमें खास तौर से उल्लेखनी है एडवांस्ड मटीरियल्स रिसर्च सेंटर (एएमआरसी) जिसकी 2013 में लगभग 50 करोड़ के निवेश से स्थापना की गई। इसमें मटीरियल्स के गुणों के वर्गीकरण (कैरेक्टराइजेशन) के लिए आवश्यक आधुनिक उपकरण हैं। आईआईटी मंडी में शोध के लिए 'क्लास 100 क्लीन रूम' भी है जो भारत का ऐसा पहला और विश्वस्तरीय शोध केंद्र है। 2017 में भारत सरकार के जैवतकनीकी विभाग ने आईआईटी मंडी को 10 करोड़ रु. के प्रतिष्ठित फार्मजोन प्रोजेक्ट के नेतृत्व के लिए चुना।

इसका प्रोजेक्ट–प्रधान बी. टेक. पाठ्यक्रम संस्थान के 4 साल के डिज़ाइन और इनोवेशन स्ट्रीम पर केंद्रित है। यह संस्थान डाटा साइंस और इंजीनियरिंग में बी. टेक. कोर्स शुरू करने वाला पहला आईआईटी होगा। जर्मनी में टीयू 9 के साथ मई 2011 से आईआईटी मंडी के कई सहमति करार के तहत कार्य जारी हैं। सन्

2013 से 2 डब्ल्यूपीआई फैकल्टी के साथ हर साल डब्ल्यूपीआई, अमेरिका के 25 विद्यार्थी आईआईटी मंडी आते हैं।

सन् 2016 में आरंभ आईआईटी मंडी का कैटलिस्ट हिमाचल प्रदेश का पहला टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्युबेटर है। आईआईटी मंडी का एक अन्य इनोवेटिव प्रोग्राम है ईडब्ल्यूओके (इनैबलिंग वीमन ऑफ कामंद वैली) जो ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें ग्रामीण स्तर का व्यवसाय आरंभ करने में सक्षम बनाता है।

---


**Media contact for IIT Mandi:**
**IIT Mandi Media Cell - mediacell@iitmandi.ac.in/ Landline: 01905267832**
Akhil Vaidya – Footprint Global Communications
Cell: 9882102818 / Email ID: akhil.vaidya@footprintglobal.com
Samriddhi Bhal - Footprint Global Communications
Cell: 7905887524 / Email: samriddhi.bhal@footprintglobal.com
Palak Sakhuja - Footprint Global Communications
Cell: 9582338333 / Email: palak.sakhuja@footprintglobal.com
Sairam Radhakrishnan - Footprint Global Communications
Cell: 9840108083/ Email: sairam.radhakrishnan@footprintglobal.com
Bhavani Giddu - Footprint Global Communications
Cell: 9999500262 / Email: bhavani.giddu@footprintglobal.com